जन संपर्क एवं मीडिया समन्वयक कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

प्रेस विज्ञप्ति 01 नवंबर 2019

जामिया की कुलपति और कुलसचिव ने कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई

देश की आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक प्रगति में भ्रष्टाचार को मुख्य बाधा के रूप में देखते हुए, जामिया मिल्लिया इस्लामिया ने भ्रष्टाचार मुक्त भारत निर्मित करने का संकल्प किया। जामिया की कुलपति प्रो नजमा अख़्तर और कुलसचिव ए पी सिद्दीकी ने, इस बारे में संयुक्त रूप से अपने कर्मचारियों को शपथ दिलाई।

28 अक्तूबर से 02 नवंबर तक मनाए जा रहे सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत यह शपथ दिलाई गई। इस सतर्कता जागरूकता सप्ताह का मुख्य विषय है: 'सत्यनिष्ठा- जीवन का मार्ग ' ।
कर्मचारियों ने प्रण किया कि वे नैतिक काम काज, ईमानदारी और सत्यनिष्ठा भरी संस्कृति, न रिश्वत लेने और न रिश्वत देने, ईमानदारी के उच्च मानदंडों का पालन करने, पारदर्शिता और सुशासन को बढ़ावा देंगे।

सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी को बढ़ावा देने और समाज को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने के केन्द्रीय सतर्कता आयोग की ओर से किए जा रहे प्रयासों के तहत हर साल सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जाता है। इस सप्ताह, जब 31 अक्तूबर को, दिवंगत सरदार वल्लबभाई पटेल की जयंती पड़ती है, सर्तकता जागरूकता सप्ताह के तौर पर मनाया जाता है।

अहमद अज़ीम
जनसंपर्क अधिकारी एवं मीडिया संयोजक